तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार, 18 जनवरी 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज



2 जब्त धान गायबः सुपुर्दगी लेने वाले पर दर्ज होगी एफआईआर




## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए ईशा का चयन



**अम्बिकापुर।** मणिपुर इम्फाल में आयोजित राष्ट्रीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता में सरगुजा की छात्रा ईशा का चयन हुआ है। छात्रा छत्तीसगढ़ टीम की ओर से खेलेंगी। बताया जा रहा है कि राष्ट्रीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन मणिपुर इंफाल में 23 से 26 जनवरी तक आयोजित किया गया है। इस प्रतियोगिता में बालिका आयु वर्ग 19 वर्ष में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खलिबा की छात्रा ईशा का चयन किया गया है। ईशा कक्षा 12वीं की कला संकाय की छात्रा है। शासकीय उमावि खलिबा स्कूल से पहली छात्रा खिलाड़ी के राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयनित होने पर स्कूल प्रबंधन में भी हर्ष का माहौल है। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए टीम 18 जनवरी की अंबिकापुर दुर्ग एक्सप्रेस ट्रेन से प्रस्थान करेगी। क्रीड़ा प्रभारी डॉ. प्रमोद कुमार यादव ने बताया की राज्य स्तर पर ईशा ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया जिसके चलते राष्ट्रीय स्तर पर चयन किया गया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्य मीना पुरोहित एवं सभी स्टॉप ने राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी है।

### मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

**अंबिकापुर।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत समस्त हायर सेकेण्डरी विद्यालयों के ऐसे छात्र-छात्राएं जो 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके है एवं 17 आयु वर्ग के वे सभी जो 1 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करेंगे, उनका फार्म 6 का अग्रिम आवेदन प्राप्त कर ऑनलाइन भरवाए जाने हेतु योगेश मिश्रा एवं रवि तिवारी सहायक संचालक कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार मतदाता अभियान के तहत समस्त महाविद्यालयों में 1 अक्टूबर 2026 की स्थिति में ऐसे छात्र-छात्राएं जो 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं। उनका नाम मतदाता सूची में जुड़वाने हेतु फार्म 6 भराए जाने सम्बन्धी कार्यवाही हेतु समस्त नोडल प्राध्यापक स्वीप को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** सनावल थाना अंतर्गत ग्राम कोमेश्वरनगर निवासी विनोद कुमार आ. राम बचन सिंह (25 वर्ष) शुक्रवार को बाइक से ग्राम डिन्डो क्रिकेट खेलने गया था। शाम को बाइक से अकेल घर आ रहा था और जैसे ही सनावल मुख्य मार्ग पर पहुंचा तभी अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक को परिजन मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

## ग्राम चुनगुड़ी में आयोजित विशाल कर्मा महोत्सव में शामिल हुए सीएम

# कर्मा छत्तीसगढ़ की समृद्ध जनजातीय संस्कृति एवं परम्परा का प्रतीक : साय



महामाला से मुख्यमंत्री का स्वागतक रते भाजपा पदाधिकारी।



नृत्य की पुस्तुति देते कलाकार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

शनिवार को जिले के प्रवास पर पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भटगांव के ग्राम चुनगुड़ी में आयोजित कर्मा प्रतियोगिता एवं महोत्सव में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने जिले को 172.51 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम श्री साय ने कहा कि कर्मा महोत्सव छत्तीसगढ़ की समृद्ध जनजातीय संस्कृति एवं परंपरा का प्रतीक है। ऐसे आयोजन लोक पर्वों को सहेजने के साथ-साथ नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करते हैं।

**खास बात**

- 172 .51 करोड़ के विकास कार्यों की दी सौगात

उन्होंने करम देवता को प्रणाम करते हुए कहा कि कर्मा पर्व प्रकृति, एकता और सामूहिक आनंद का संदेश देता है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर चुनगुड़ी (खोखापारा) स्थित स्कूल मैदान को मिनी स्टेडियम के रूप में विकसित करने तथा नगर पंचायत भटगांव के विकास हेतु 1 करोड़ रुपये की घोषणा की। महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। आज जिले को करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी गई है, जिससे क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को गति मिलेगी। उन्होंने सभी कर्मा दलों द्वारा दी गई पारंपरिक एवं मनमोहक प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन लोक संस्कृति और जनजातीय परंपराओं को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि क्षेत्र की संस्कृति और सभ्यता को अक्षुण्ण बनाए रखने का कार्य यहां के लोग कर रहे हैं। उन्होंने कर्मा नर्तक दलों की प्रशंसा करते हुए इसे छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान का सशक्त उदाहरण बताया। इस दौरान प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी, वन विकास निगम के अध्यक्ष राम सेवक पैकरा, जिपं अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणि पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती रेखा राजलाल रजवाड़े, रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष बाबू लाल अग्रवाल, भीमसेन अग्रवाल, ठाकुर राजवाड़े, शशिकांत गर्ग, संदीप अग्रवाल, मुकेश गर्ग, संत सिंह सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, आईजी दीपक झा, कलेक्टर एस जयवर्धन, एसएसपी प्रशांत ठाकुर, जिपं सीईओ विजेंद्र सिंह पाटले सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### दी विकास कार्यों की सौगात

जिले में पहुंचे सीएम श्री साय ने जिलेवासियों को कुल 172.51 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी। इसमें 55.01 करोड़ रुपये के कार्यों का लोकार्पण तथा 117.97 करोड़ रुपये के कार्यों का शिलान्यास-भूमिपूजन शामिल है। वहीं सीएम सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया और हितग्राहियों को लाभान्वित किया। साथ ही 6 महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा संचालित रेडी टू ईट इकाइयों एवं ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान का शुभारंभ किया गया। रेडी टू ईट इकाइयों के माध्यम से 130 महिलाएं सूरजपुर परियोजना के 343 आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए पोषण आहार निर्माण एवं वितरण का कार्य करेंगी। मुख्यमंत्री ने संचालक महिलाओं को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इसके अलावा स्व-सहायता समूहों की दीदियों को मुद्रा लोन, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत बीमा क्लेम तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत खुशियों की चाबी प्रदान की गई।

### 33 दलों में कलाकारों की सहभागिता

कर्मा प्रतियोगिता में सूरजपुर, सरगुजा, जशपुर, बलरामपुर, कोरिया एवं मनेंद्रगढ़ जिलों से आए हजारों लोक कलाकारों ने 33 दलों के माध्यम से पारंपरिक कर्मा नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। आयोजन ने जनजातीय संस्कृति और लोक परंपराओं को सशक्त मंच प्रदान किया। सुबह से ही 33 कर्मा दलों की सहभागिता से हजारों लोक कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा में सामूहिक कर्मा नृत्य प्रस्तुत कर आयोजन स्थल को सांस्कृतिक रंगों से भर दिया। दर्शक दीर्घा में मौजूद हजारों ग्रामीणों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।



## नेशनल पार्क से लकड़ी तस्करी, एमपी में कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

गुरूघासी दास नेशनल पार्क प्रबंधन रिहंद जंगल से लगातार हो रही अवैध चिरान की तस्करी को रोकने के लिए कोई कारगर पहल नहीं कर रहा है वहीं सीमावर्ती सिंगरौली वनमण्डल अंतर्गत वन परिक्षेत्र माड़ा के वन अमले ने बीती रात लकड़ी तस्कर की बाइक को जब्त किया है।

गुरू घासीदास नेशनल पार्क के रास्ते चिरान की अवैध तस्करी की सूचना पर बीती रात 2 बजे सीमावर्ती माड़ा रेंजर पुष्पा सिंह के नेतृत्व में वन अमले ने मकरोहर सर्किल अंतर्गत धरी बीट का गश्त कर रही थी। इस दौरान वन अमले ने एक संदिग्ध बाइक को रोका तो आरोपी अपनी बाइक छोड़कर भाग निकला। बाइक पर 5 नग साल चिरान लोड मिला। आरोपी की पहचान ग्राम मिथुल माड़ा निवासी अरविंद कुमार पिता ईश्वर प्रसाद वैश्य के रूप में की गई। आरोपी के विरूद्ध वन अधिनियम 1927 की धारा 26 की कार्रवाई की गई है।

### 13 गोवंश से भरे पिकअप को ग्रामीणों ने पकड़ा

**अम्बिकापुर।** गौ वंश को बूचड़ कारखाना ले जा रहे पिकअप ग्राम बोदा में खराब हो गया। इधर मवेशी तस्करी की जानकारी लगने पर ग्रामीणों ने पकड़ा और वाहन को बतौली पुलिस को सौंप दिया है। पिकअप में ठुस ठुस कर 13 गाय-बैल भरे गए थे। गोवंश की तस्करी करते लगातार वाहन पकड़े जा रहे है बावजूद इसके जिले में गोवंश की तस्करी थमने का नाम नहीं ले रहा है। आज भी बतौली बगीचा मार्ग में ग्राम बोदा में तड़के 5 बजे पिकअप क्रमांक जेएच 01 एफ वाई 8400 के पिछला चक्का का स्टेट टूट गया। पिकअप मालिक वाहन बनवाने के लिए बतौली के मिस्त्री को फोन कर मरम्मत करने कहा। जब वाहन मिस्त्री वाहन ठीक करने पहुंचा तो पता चला वाहन में 13 गाय बैलों को ठुस कर भरा गया है। इधर मवेशी तस्करी की भनक लगते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचने लगे तो चालक वाहन छोड़ कर फरार हो गया। ग्रामीणों ने बतौली पुलिस को सूचना देकर वाहन को राजसात करने तथा आरोपी तस्करों को पकड़ कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की।



## ठगी की रकम निकालकर देने वाला म्यूल अकाउंट खाताधारक गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** साइबर ठगी में प्रयुक्त म्यूल अकाउंट के खाताधारक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खाता नम्बर से ही ठगी की रकम की निकासी की गई। पुलिस ने आरोपी के दस्तावेज को जब्त किया है।

गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार म्यूल अकाउंट को लेकर चल रही जांच के दौरान शहर के महाराजा गली गुरुनानक वार्ड निवासी 27 वर्षीय अमरेन्द्र सिंह आ. अभय राज सिंह के बैंक खाते से चोरी, छल व अपराध से संबंधित 2 लाख 6 हजार 786 रुपए का आहरण होने की जानकारी हासिल हुई थी। ऐसे में पुलिस व साइबर सेल की टीम ने खाते से लिंक मोबाइल नम्बर के धारक संदेही अमरेन्द्र सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो आरोपी ने बताया कि उसके भाई के दुकान में एक युवक आता था और उसके खाते में रकम नहीं आने की बात बोलकर कई बार में 2 लाख 6 हजार 786 रुपए उसके खाते में मंगवाने के बाद अन्य खातों में ट्रांसफर कराया। पुलिस ने आरोपी का बैंक खाता पासबुक, आधार कार्ड, पैन कार्ड व मोबाईल फोन जब्त करने के साथ ही बीएनएस की धारा 317(4), 318 (4) व आईटी एक्ट की धारा 66 डी के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर प्रवीण कुमार द्विवेदी, साइबर सेल प्रभारी अजीत मिश्रा, आरक्षक अरविन्द उपाध्याय, ऋषभ सिंह, घनश्याम देवांगन, वीरेंद्र पैकरा, अशोक यादव, अमनपुरी सक्रिय रहे।



## घुनघुटा बांध में बाढ़ आपदा से बचाव का किया रिहर्सल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिले के घुनघुटा बांध में आम नागरिकों को आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एनडीआरएफ द्वारा मॉक ड्रिल अभ्यास का आयोजन किया गया। यह मॉक ड्रिल 3 वाहिनी एनडीआरएफ, मुण्डली (कटक, ओडिशा) के डिप्टी कमांडर पवन जोशी के मार्गदर्शन में तथा सब-इंस्पेक्टर अभिजीत साहू के नेतृत्व में संपन्न हुआ। मॉक ड्रिल के दौरान बाढ़ जैसी आपात परिस्थितियों में त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों का प्रदर्शन किया गया। प्रथम प्रारंभ अभ्यास में यह दर्शाया गया कि अचानक जलस्तर बढ़ने से घुनघुटा बांध क्षेत्र के समीप स्थित गांव में 10 नागरिक फंस गए हैं।

- डूबते व्यक्ति को बचाने एवं सीपीआर देने की वैज्ञानिक प्रक्रिया का हुआ प्रदर्शन

एनडीआरएफ के जवानों ने तत्परता दिखाते हुए दो बोट की सहायता से सभी नागरिकों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। इसके साथ ही एक नाव में सवार दो यात्रियों के आपसी विवाद के कारण नदी में गिरकर डूबने की स्थिति उत्पन्न होने का अभ्यास किया गया। इस दौरान एनडीआरएफ की बोट तत्काल मौके पर पहुंची और जवानों द्वारा दोनों डूबते व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकालकर प्राथमिक चिकित्सा प्रदान की गई। मॉक ड्रिल के माध्यम से डूबते व्यक्ति को बचाने की विधि तथा सीपीआर देने की वैज्ञानिक प्रक्रिया का विस्तृत प्रदर्शन किया गया। इसके उपरांत नदी में डूबे एक व्यक्ति की खोज एनडीआरएफ के प्रशिक्षित गोताखोरों द्वारा की गई। मॉक ड्रिल के दौरान एनडीआरएफ के जवानों ने ग्रामीणों को घरेलू उपयोग की वस्तुओं से अस्थायी लाइफ जैकेट बनाने एवं आपदा के समय जान बचाने के उपायों की जानकारी दी। पानी के पीपे, नारियल एवं प्लास्टिक की बोतलों को बांधकर तैरने की तकनीक का व्यवहारिक प्रदर्शन भी किया गया। अपर कलेक्टर श्री सुनील नायक ने बताया कि घुनघुटा जलाशय में आयोजित इस मॉक ड्रिल में ओडिशा से आई एनडीआरएफ टीम के साथ जिला प्रशासन, होमगार्ड, एनसीसी, तथा स्थानीय ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता रही। मॉक ड्रिल के दौरान सभी संबंधित विभागों के नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी, सुरक्षा बल एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।



आपदाा से बचाव का रिहर्सल करते एनडीआरएफ की टीम।




## खबर संक्षेप

### सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 20 को

**अनूपपुर।** जिला पंचायत सामान्य प्रशासन समिति की बैठक मंगलवार 20 जनवरी को अपरान्ह 3 बजे जिला पंचायत सभागार अनूपपुर में आयोजित की गई है। उक्ताशय की जानकारी जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने दी है। उन्होंने सर्व संबंधितों से नियत दिनांक को निर्धारित स्थान व समय में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने की अपील की है।

### सोनहत में किसान सेवा समिति का गठन 25 को

**सोनहत।** जिले के विकासखंड सोनहत में आगामी 25 जनवरी को विभिन्न ग्रामों के किसानों द्वारा किसान सेवा समिति का गठन किया जाएगा। किसानों ने जानकारी देते हुए बताया कि लंबे समय से किसान अनेक समस्याओं से जूझ रहे हैं। विभागीय स्तर पर योजनाओं के समुचित क्रियान्वयन नहीं होने के कारण कई किसान शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं। किसानों ने बताया कि विकासखंड स्तर पर किसानों को समग्र किसान योजनाओं का समय पर लाभ दिलाने तथा किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के निराकरण के उद्देश्य से किसान सेवा समिति का गठन किया जा रहा है। समिति के माध्यम से किसानों की समस्याओं को संगठित रूप से संबंधित विभागों के समक्ष रखा जाएगा। इस अवसर पर बैठक में विकासखंड के समस्त किसानों से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

**न्यायालय-श्रीमान अरिन्दम नेरल द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

प्रो.नं.-86/26
सिविल 82अ/2025
आगामी पेशी तिथि- 10/03/2026

अनिल मंदिलवार व अन्य ......./वादी
प्रति
मीना शर्मा व अन्य ......../ प्रतिवादी

**नोटिस / ईश्तेहार**

बनामः-
प्रभुनारायण सिंह आ. अज्ञात निवासी सत्तीपारा, शीतला वार्ड, स्कूल के पास थाना व तह. अम्बिकापुर जिला- सरगुजा (छ.ग.)

आपको नोटिस/इश्तेहार के माध्यम सूचित किया जाता है इस न्यायालय में वादी/आवेदक द्वारा आपके के विरूद्ध सिविल क्रमांक-82अ/2025 पक्षकारः-अनिल मंदिलवार प्रति मीना शर्मा न्यायालय-द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) के समक्ष निर्माणाधिन एवं निर्मित मकान को तोड़कर कब्जा प्रदान किये जाने हेतु स्वत्व घोषणार्थ, स्थायी निषेधाज्ञा हेतु वाद प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय द्वारा प्रकरण में प्रतिवादी को न्यायालय में उपस्थिति हेतु नोटिस प्रेषित की गई थी। किन्तु प्रतिवादी को नोटिस की तामिली न हो पाने के कारण प्रकरण में पेशी तिथि बढ़ती जा रही है। ऐसी स्थिति में उपरोक्त प्रतिवादी को न्यायालीय प्रकरण में उपस्थिति होने हेतु नोटिस/ईश्तेहार का प्रकाशन कराया जा रहा है।

अतः आपको इस नोटिस/इश्तेहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि पेशी दिनांक-10/03/2026 को न्यायालयीन समय दिन में 11.00 बजे उपस्थित होकर स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता/अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। नियत दिनांक को उपस्थित न होने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी। उक्त तिथि को सार्वजनिक अवकाश होने की दशा में अथवा किन्हीं कारणवश न्यायालयीन स्थगित होने पर प्रकरण की सुनवाई अगामी कार्य दिवस पर होगी।

आज दिनांक 16/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

**(श्री अरिन्दम नेरल)**
न्यायालय-द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश
कनिष्ठ श्रेणी अम्बिकापुर,
जिला-सरगुजा (छ.ग.)

**पोड़ी बचरा तहसील का मामला**

**गोदाम से 105 बोरी धान हुई थी जब्त, मौके पर तैयार किया गया पंचनामा**

# जब्त धान गायबः सुपुर्दगी लेने वाले पर दर्ज होगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के पोड़ी-बचरा तहसील में जब्त किए गए धान के गायब होने का मामला सामने आया है। नायब तहसीलदार पोंड़ी (बचरा) द्वारा इस गंभीर प्रकरण में पुलिस को एफआईआर दर्ज करने के लिए पत्र प्रेषित किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बचरा निवासी राकेश कुमार चक्रधारी के दुकान के बगल में स्थित गोदाम में रखे 105 बोरी धान को 4 दिसंबर 2025 को प्रशासन द्वारा जब्त किया गया था। जब्त धान को नियमानुसार गीता प्रजापति पति राकेश कुमार चक्रधारी के सुपुर्द किया गया था। 9 जनवरी 2026 को प्रशासन द्वारा किए गए औचक भौतिक सत्यापन के दौरान गोदाम में जब्त किया गया धान मौके पर नहीं मिला।


कार्रवाई के दौरान जब्त धान

सुपुर्दगी प्राप्तकर्ता से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने बात करने से इनकार कर दिया। इसके पश्चात मौके पर पंचनामा तैयार किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए नायब तहसीलदार पोंड़ी (बचरा) ने चौकी प्रभारी पोंड़ी (बचरा) को गोदाम मालिक एवं धान के सुपुर्दगी प्राप्तकर्ता के विरूद्ध संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने के लिए पत्र प्रेषित किया है।

### धान खरीदी में लापरवाही : इंचार्ज सस्पेंड

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान गंभीर लापरवाही पाए जाने पर प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या. पटना, पंजीयन क्रमांक 540 के धान उपार्जन केन्द्र में अनियमितताओं के चलते धान खरीदी प्रभारी नरेन्द्र कुमार शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सहकारिता एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा 15 जनवरी को उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान छग शासन, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा जारी धान खरीदी नीति के विपरीत कार्य किए जाने की पुष्टि हुई। जांच प्रतिवेदन के आधार पर यह कार्रवाई की गई। निलंबन के साथ ही धान खरीदी कार्य की जिम्मेदारी श्रीमती रेखा जायसवाल लिपिक को सौंपी गई है। उन्हें निर्देशित किया गया है कि वे तत्काल समस्त प्रभार ग्रहण कर धान खरीदी कार्य को सुचारू रूप से संपादित करें। निलंबन अवधि के दौरान नरेन्द्र कुमार शर्मा का मुख्यालय कार्यालय सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं कोरिया निर्धारित किया गया है। इस अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि धान खरीदी में पारदर्शिता और किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा भविष्य में भी अनियमितताओं पर कार्रवाई जारी रहेगी।

**नशे में विवाद: आरोपी गिरफ्तार, पटना पुलिस ने की कार्रवाई**

# वाहन से कुचलकर नाबालिग की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जन्मदिन मनाने के दौरान शराब पीने और परिजन को फोन किए जाने की बात को लेकर हुए विवाद में एक नाबालिग बालक की टाटा सूमो वाहन से कुचलकर हत्या किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले में आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।


गिरफ्तार आरोपी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 4 जनवरी को मृतक रितेश कुमार सिंह अपने दोस्तों विद्या चंद्र साहू, प्रीतपाल विश्वकर्मा, सतीश विश्वकर्मा एवं अन्य के साथ आरोपी की टाटा सूमो गोल्ड वाहन से झुमका डेम पिकनिक मनाने गया था। वहां चिकन-मटन एवं शराब का सेवन किया गया। शाम को घर लौटते समय आरोपी वाहन लेकर पटना स्थित अंग्रेजी शराब दुकान गया, इसी दौरान आरोपी के मोबाइल पर उसके पिता का फोन आया। फोन पर मृतक द्वारा यह बताए जाने से कि वे पटना पहुंचे हैं, आरोपी विद्या चंद्र साहू उत्तेजित हो गया और मृतक के साथ गाली-गलौज व विवाद करने लगा। विवाद से आहत होकर मृतक रितेश कुमार सिंह राष्ट्रीय राजमार्ग से पैदल अपने घर की ओर जाने लगा। इसी दौरान रनई के पास आरोपी ने अपने साथियों के मना करने के बावजूद हत्या की नीयत से टाटा सूमो गोल्ड वाहन को सड़क के बाएं ओर दबाकर मृतक को ठोकर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद आरोपी वाहन सहित फरार हो गया। मृतक को उसके मित्रों द्वारा तत्काल पटना सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में थाना पटना में मर्ग क्रमांक 02/26 धारा 194 बीएनएस के तहत पंचनामा कार्रवाई की गई।


हत्या में प्रयुक्त वाहन जब्त।

### जांच के बाद हत्या का अपराध दर्ज

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे ने उप पुलिस अधीक्षक राजेश साहू को त्वरित एवं बिंदुवार जांच कर साक्ष्य संकलन के निर्देश दिए। प्रत्यक्षदर्शी गवाहों के बयान, घटनास्थल निरीक्षण एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर प्रथम दृष्टया अपराध सिद्ध पाए जाने पर थाना पटना में 12 जनवरी को अपराध क्रमांक 15/2026 धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। विवेचना के दौरान उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपी विद्या चंद्र साहू उर्फ विनय साहू पिता हरिओम साहू उम्र 18 वर्ष 7 माह निवासी तेजपुर स्कूल पारा थाना रामानुजनगर जिला सूरजपुर को 17 जनवरी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा मामले की आगे की विवेचना जारी है।

### श्री रामचरित मानस गायन प्रतियोगिता

**चरचा कॉलरी।** जिले के ग्राम पंचायत खरवत के जमनीपारा स्थित सरस्वती पुत्र बालिका मंडली ने श्री रामचरितमानस गायन वादन प्रतियोगिता 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रतियोगिता का आयोजन दुर्गाधारा स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में किया गया, जिसमें जिलेभर से आई मानस मंडलियों ने भाग लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सरस्वती पुत्र बालिका मंडली की बालिकाओं ने मधुर गायन, सटीक ताल-लय एवं भावपूर्ण प्रस्तुति से निर्णायक मंडल का मन मोह लिया और शीर्ष स्थान हासिल किया। बालिकाओं की इस शानदार उपलब्धि पर ग्राम पंचायत, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। ग्रामीणों ने बालिकाओं को बधाई दी है। आयोजक समिति द्वारा विजेता मंडली को सम्मानित किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। यह सफलता बालिकाओं की मेहनत, अनुशासन एवं गुरूजन के मार्गदर्शन का परिणाम मानी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी और धार्मिक-सांस्कृतिक परंपराओं को नई दिशा देगी। मंडली की बालिकाओं ने बताया कि उन्होंने कई महीनों तक नियमित अभ्यास कर प्रतियोगिता की तैयारी की थी।

# 3 को कलेक्टर कार्यालय घेराव राष्ट्रपति के नाम सौंपेंगे ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ पटना

मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत शनिवार को पटना साप्ताहिक बाजार में आयोजित आमसभा में भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ आवाज उठाई गई। काफी संख्या में जुटे ग्रामीणों, किसानों, श्रमिकों और युवाओं के बीच यह बात प्रमुखता से रखी गई कि भाजपा सरकार की नीतियां गरीब, किसान और मेहनतकश वर्ग के खिलाफ लगातार हमलावर होती जा रही हैं।

- पटना साप्ताहिक बाजार में कांग्रेस का मनरेगा बचाओ संग्राम

आमसभा में जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि मनरेगा कोई साधारण योजना नहीं, बल्कि देश के गरीब नागरिकों को मिला काम का संवैधानिक अधिकार है। भाजपा सरकार नए कानूनों और बजट कटौती के जरिए इस अधिकार को खत्म करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। मनरेगा को अधिकार आधारित कानून से हटाकर प्रशासनिक योजना में बदला जा रहा है, जिससे ग्रामीण मजदूरों की आजीविका संकट में है। इसी के विरोध में 3 फरवरी को कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपने की घोषणा की गई। कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल ने किसानों की स्थिति पर भी गंभीर चिंता जताई गई। बताया गया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में किसान धान बेचने के लिए भटकने को मजबूर हैं। समर्थन मूल्य पर खरीदी और भुगतान व्यवस्था कमजोर होने से किसान कर्ज के दलदल में फंसते जा रहे हैं, इसके साथ ही साय सरकार द्वारा किसानों का रकबा काटे जाने से खेती पर सीधा असर पड़ा है, जिससे उत्पादन और आय दोनों प्रभावित हो रहे हैं। बेरोजगारी और शिक्षा व्यवस्था की विफलता को लेकर भी सरकार को घेरा गया। कहा गया कि भाजपा सरकार न तो युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे पा रही है और न ही रोजगार के अवसर, जिससे पढ़ा-लिखा युवा हताश और बेरोजगार हो रहा है। जनपद अध्यक्ष उदय सिंह ने कहा कि बिजली दरों में लगातार हो रही बढ़ोतरी का मुद्दा भी इस आम सभा में प्रमुखता से उठा। बढ़ी हुई बिजली दरों ने किसानों की सिंचाई लागत और ग्रामीण परिवारों का घरेलू बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है, जिससे खेती घाटे का सौदा बनती जा रही है।

# बालम पहाड़ से लौटते समय हादसा, युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

बालम पहाड़ घूमकर लौटते समय शनिवार की शाम करीब 5 बजे हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान युवराज केवट उम्र 25 वर्ष पिता अनिल केवट निवासी मनेन्द्रगढ़ अमाखेरवा के रूप में हुई है। हादसे में उसका भाई अभिषेक केवट उम्र 26 वर्ष पिता अनिल केवट निवासी अमाखेरवा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया।



# वन कर्मचारी संघ ने भर्ती नियम संशोधन प्रस्ताव पर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छग वन कर्मचारी संघ ने विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी कि प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख द्वारा तानाशाही रवैया अपनाते हुए वनक्षेत्रपाल के 5 प्रतिशत पदों को विज्ञान स्नातक कर्मचारियों से विभागीय परीक्षा के माध्यम से भरने संबंधी सेवा भर्ती नियम में संशोधन का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया है जो कि स्वीकृत पदो के साथ अन्याय किया जा रहा है।

सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी को संविदा भर्ती के माध्यम से पदस्थापना का हमेशा संघ द्वारा विरोध करते आ रहा है, परंतु प्रधान मुख्य वनसंरक्षक के द्वारा अपने चहेते सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी को संविदा भर्ती के माध्यम से पदस्थापना कर शासन के राशि का दुरूपयोग किया जा रहा है। जिससे अधिकारी-कर्मचारी की पदोन्नति प्रभावित हो रही है एवं संविदा अधिकारी के द्वारा कर्मचारियों पर अनावश्यक दबाव पूर्वक कार्य संपादित कराया जाता है। विभाग में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों जिनमें वाहन चालक एवं प्यून/चौकीदार जिनको वर्दी धारण करने की पात्रता नहीं है, उनको प्रधान मुख्य वनसंरक्षक एवं वन बल प्रमुख के द्वारा निर्धारित वर्दी धारण करा कर कार्य संपादित करा रहे, जो कि नियम विरूद्ध है एवं मुख्यालय में पदस्थ वरिष्ठ अधिकारी के द्वारा कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों के साथ अभद्र व्यवहार करने के संबंध में अवगत कराने के उपरांत प्रधान मुख्य वनसंरक्षक के द्वारा इस संबंध में आज तक कोई कार्रवाई नहीं किया गया है।

# 1.43 लाख क्विंटल से अधिक धान का परिवहन

**मनेन्द्रगढ़।** धान खरीदी वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिला एमसीबी में अब तक कुल 6.77 लाख क्विंटल से अधिक धान का उपार्जन किया जा चुका है, जिसमें से अब तक 1 लाख 43 हजार क्विंटल से अधिक धान का सफल उठाव पूर्ण किया जा चुका है, जो कुल उपार्जित मात्रा का लगभग 21.19 प्रतिशत है। वर्तमान स्थिति में उपार्जन केन्द्रों में 5 लाख 34 हजार 239.40 क्विंटल धान शेष है, जिसके उठाव के लिए जिला प्रशासन द्वारा चरणबद्ध और सुनियोजित कार्ययोजना के तहत सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं तथा शेष धान का उठाव भी शीघ्र गति से सुनिश्चित किया जाएगा। केन्द्रवार उठाव की स्थिति पर नजर डालें तो कछोड़, केल्हारी, कटकोना, कोड़ा, कौड़ीमार, खड़गवां, बरदर, चैनपुर, रतनपुर, कुंवारपुर, घुटरा, कठौतिया, नागपुर, बंजी, जनकपुर, डोडकी, बरबसपुर और माड़ीसरई जैसे उपार्जन केन्द्रों में हजारों क्विंटल धान का सफल परिवहन किया जा चुका है। वहीं कमर्जी, कोटाडोल, रापा, सिंगहत, कंजिया, बहरासी और सिंगरौली उपार्जन केन्द्रों में फिलहाल उठाव शून्य है, लेकिन इन सभी केन्द्रों में परिवहन, भंडारण और तकनीकी व्यवस्थाएं पूरी तरह सुनिश्चित कर दी गई हैं और आने वाले दिनों में यहां भी धान उठाव की रफ्तार तेज की जाएगी।

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. आशीष कुमार जायसवाल – एम.डी.जनरल फिजिशियन
डॉ. हेमन्त कुमार बी – MBBS, DCH, DNB शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय – MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. सोनल गार्डिया – MBBS, MS(General Surgeon) जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. मनोज भारती – MBBS, MS
डॉ. ओम प्रकाश पंडित – MBBS, DNB Ortho (Lilavati Hospital Mumbai) हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह – जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. नताशा शर्मा – स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. जी.के.दामले – MS, ENT
डॉ. भावना गार्डिया – स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. रोशन आरा – एम.डी. रेडियो डायग्नोसिस
डॉ. हिमांशु गुप्ता – MD ONCO कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. अखिलेश कुमार भारत – जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. कमल नारायण गुप्ता – श्वास, छाती एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता – MBBS, DCH
डॉ. अभिजीत भट्टाचार्य – जनरल फिजिशियन
डॉ. समीर श्रीवास्तव – हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. रिषभ गुप्ता – किडनी रोग विशेषज्ञ
डॉ. राहूल शामकांत जाधव – एम.बी.बी.एस.,एम.डी.पैथोलॉजिस्ट
डॉ. चन्द्रांशु त्रिपाठी – मूत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. आयुशी गुप्ता – न्युरो (पेन फिजिशियन)
डॉ. मीना राव – आडियोलॉजिस्ट एवं स्पीच थैरेपिस्ट
डॉ. सुरभि – BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) दंत एवं मुख विशेषज्ञ
डॉ. हेमलता साहू – फिजियोथैरेपी
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे 07774222555, 9425583780, 9826183780, 6224007799, 8718003300, 6262639060
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

सरगुजा मार्केट

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :- 18 जनवरी 2026, रविवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 25 जनवरी 2026, दिन - रविवार
नोट - डॉक्टर माह के चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 01 फरवरी, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल – 10 बजे से 2 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर – 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल – 3 बजे से 7 बजे तक

आप परेशान क्यों हैं?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 03 जनवरी, 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 24 जनवरी, 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
7869900088 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

TOP IN SURGUJA

आपके शहर अम्बिकापुर में सुप्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.प्रज्ञा ओझा
MBBS, DGO (OBS & GYN)
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALTY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
|9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
स्त्री रोग से संबंधित सभी समस्याएं व उपचार
◆ गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
◆ प्रसूति (नार्मल वाम सिजेरियन) बांझपन का जाँच एवं ऑपरेशन
◆ बच्चेदानी निकालने का ऑपरेशन (चीरा रहित एवं दूरबीन पद्धति द्वारा)
◆ मोनोपॉज (रजोनिवृत्ति संबंधित बीमारियों का इलाज)
◆ मासिक संबंधित बीमारियों का इलाज
◆ स्तन की गांठ, कैंसर का ऑपरेशन
◆ बच्चेदानी के कैंसर का ईलाज

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड ◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### गुलाब कॉलोनी से विस्थापित 7 परिवारों को मिले एएचपी आवास

**अम्बिकापुर।** समाजसेवी कैलाश मिश्रा ने गुलाब कॉलोनी से विस्थापित लोगों को सुभाष नगर में निर्मित एएचपी आवास प्रदान करने की मांग कलेक्टर से की है। उन्होंने अपने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि जिला न्यायालय के नवीन भवन निर्माण के लिए जिला प्रशासन द्वारा गुलाब कॉलोनी को खाली कराया गया है जिससे कॉलोनी की शासकीय भूमि पर घर बनाकर वर्षों से निवासरत 7 परिवारों के लोग भारी ठंड में सड़क पर आ गए हैं। इन लोगों ने शासन की 152 प्रतिशत योजना के तहत आवेदन किया था तथा प्रकरण नजूल विभाग में लंबित है। ननि द्वारा सुभाष नगर में कमजोर वर्ग के लोगों के लिए 493 मकान बनाए गए हैं लेकिन लम्बी अवधि गुजरने के बावजूद मात्र 67 लोगों को आवास आवंटित किया गया है। बार-बार के प्रयासों के बावजूद आवास नहीं भरे जा सके है। एक-दो साल में भवन खण्डहर बन जाएंगे। उन्होंने गुलाब कॉलोनी से विस्थापित 7 परिवारों को ननि द्वारा सुभाषनगर में निर्मित एएचपी आवास प्रदान करने की मांग की है।

### अतिक्रमण की भेंट चढ़ा नवगई का वनधन केंद्र



**बिहारपुर।** ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति सुधारने के उद्देश्य से ग्राम नवगई में निर्मित वन धन केंद्र अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। बड़े लक्ष्यों के साथ शुरू किया गया यह केंद्र वर्तमान में पूरी तरह उपेक्षा और अवैध अतिक्रमण का शिकार हो गया है। केन्द्र का परिसर सरकारी कामकाज के बजाय निजी कार्यों के लिए उपयोग हो रहा है। भवन के सामने भारी मात्रा में ईंट और निर्माण सामग्री डंप की गई है। इतना ही नही ग्रामीण परिसर में अब मवेशी बांध रहे हैं जिससे केंद्र प्रशिक्षण केंद्र के बजाय तबेले में बदल गया है। प्रशासनिक उपेक्षा के कारण भवन की दीवारों पर काई जम गई है और चारों ओर कंटीली झाड़ियां उग आई है। लंबे समय से केन्द्र में कोई शासकीय गतिविधि नहीं हुई है। रखरखाव के अभाव में भवन जर्जर हो रहा है। संग्राहकों का कहना है कि केंद्र की स्थापना उनके वनोपज की सही कीमत दिलाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए किया गया था। लेकिन अतिक्रमण और अधिकारियों की लापरवाही के कारण यह केवल ढांचा बनकर रह गया है। समय रहते केंद्र परिसर का अतिक्रमण नहीं हटाया गया और केंद्र को सक्रिय नहीं किया गया तो सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना कागजों तक सिमटकर रह जाएगी। इस संबंध में वन परिक्षेत्राधिकारी मेवालाल पटेल ने बताया कि वनधन केंद्र परिसर में अवैध अतिक्रमण की सूचना मिली है। परिसर में भंडारित ईंट पत्थर को तत्काल हटाया जाएगा।

### 15 हजार क्विंटल घोटाले के बाद प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

# कलेक्टर के सख्त आदेश, धान उठाव पर पूर्ण रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

कलेक्टर के सख्त आदेश के बाद प्रतापपुर क्षेत्र में धान उठाव पर पूर्ण रूप से रोक लगा दी गई है। राइस मिलों के भौतिक सत्यापन में करीब 15 हजार क्विंटल धान कम मिलने के खुलासे के बाद प्रशासन लगातार एक्शन मोड में है। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जब तक जिले की सभी समितियों और राइस मिलों का पूर्ण भौतिक सत्यापन नहीं हो जाता, तब तक कहीं से भी धान का उठाव नहीं किया जाएगा। इस आदेश के बाद पूरे प्रतापपुर क्षेत्र में अफरा-तफरी और हड़कंप की स्थिति बन गई है।

**खास बात**

- रेवटी तेंदूबांध में 277 बोरी अवैध धान जब्त, समितियों एवं राइस मिलों में मचा हड़कंप

इसी कड़ी में आज प्रशासन ने अवैध धान भंडारण पर बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम रेवटी तेंदूबांध में लगभग 110.8 क्विंटल के 277 बोरी धान जब्त किया है। यह धान कुंजन पटेल, रामसुहाग के घर के समीप खुले मैदान में अज्ञात व्यक्ति द्वारा



अवैध धान भण्डार पर कार्रवाई करते अधिकारी।

भंडारित किया गया था। सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमला तत्काल मौके पर पहुंचा और कार्रवाई की। जब्त किए गए धान को चार पिकअप वाहनों से समिति गोविंदपुर भेजा गया, जहां समिति प्रबंधक गोविंदपुर को सुपुर्द किया गया। इस संयुक्त कार्रवाई में तहसीलदार प्रतापपुर, नायब तहसीलदार डांड़करवां, नायब तहसीलदार प्रतापपुर तथा खाद्य निरीक्षक प्रतापपुर शामिल रहे। प्रशासन की इस कार्रवाई को गत दिन के किए गए 15 हजार क्विंटल धान की कमी के सीधे परिणाम के रूप में देखा जा रहा है। गौरतलब है कि गत दिन प्रतापपुर क्षेत्र की राइस मिलों में किए गए भौतिक सत्यापन के दौरान लगभग 15 हजार क्विंटल धान की कमी उजागर हुई थी। सूत्रों का दावा है कि मंडी से ट्रक तो निकलते हैं लेकिन उनमें धान लोड नहीं होता। केवल ट्रक की फोटो खींचकर और कागजी औपचारिकताएं पूरी कर ली जाती हैं। इसके बाद संबंधित राइस मिलरों के गोदाम तक धान पहुंचने का रिकॉर्ड दस्तावेजों में दर्ज कर दिया जाता है। फिलहाल कलेक्टर के सख्त आदेश के बाद धान उठाव पर लगी रोक से समितियों, राइस मिलरों और धान कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही आगे की कार्रवाई और उठाव पर निर्णय लिया जाएगा। साथ ही आने वाले दिनों में और बड़े खुलासों तथा कड़ी कार्रवाई की पूरी संभावना जताई जा रही है। इस विषय में फूड इंस्पेक्टर शशि जायसवाल ने बताया कि मामले के गंभीरता को देखते हुए धान का उठाव अभी बंद कर दिया गया है। भौतिक सत्यापन के आधार पर राइस मिलों की जांच एवं आदिम जाति सेवा सहकारी समिति की जांच के बाद धान का उठा होगा। कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को प्रेषित कर दिया गया है। राइस मिल और समितियों की जांच की जाएगी

**जांच चल रही है**

मामले की गंभीरता से जांच चल रही है। जांच रिपोर्ट कलेक्टर को प्रेषित किया जाएगा। राइस मिलों व समितियों की जांच होगी और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-ललिता भगत, एसडीएम प्रतापपुर



## कायाकल्प योजना में जिला चिकित्सालय को प्रदेश में मिला पहला स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कायाकल्प स्वच्छ अस्पताल योजना 2024-25 के अंतर्गत जिला चिकित्सालय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिला चिकित्सालय ने 94.9 प्रतिशत अंक अर्जित कर यह उपलब्धि हासिल की है। यह सफलता कलेक्टर के मार्गदर्शन तथा सीएमएचओ एवं सिविल सर्जन के निर्देशन में जिले में निरंतर सुदृढ़ की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का परिणाम है।

- 4 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 36 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं 99 आयुष्मान आरोग्य मंदिर भी हुए सम्मानित

कायाकल्प योजना के परिणामों में जिले के 4 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भैयाथान, प्रतापपुर, बिश्रामपुर एवं लटोरी सहित 36 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा 99 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों ने भी 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर पुरस्कार प्राप्त किया है। उल्लेखनीय है कि कायाकल्प योजना का उद्देश्य स्वास्थ्य संस्थाओं में स्वच्छता, साफ-सफाई एवं संक्रमण नियंत्रण के उच्च मानकों की स्थापना करना है। इसके अंतर्गत ऐसी सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं को प्रोत्साहित एवं सम्मानित किया जाता है, जो निर्धारित मानक प्रोटोकॉल का प्रभावी रूप से पालन करते हुए अनुकरणीय कार्य करती हैं। साथ ही योजना के माध्यम से स्वच्छता के सतत मूल्यांकन एवं सहकर्मी समीक्षा की संस्कृति को भी विकसित किया जाता है।

## मकर संक्रांति पर किया गया कम्बल वितरण, बुजुर्गों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मकर संक्रांति के अवसर पर माता राजमोहिनी देवी वार्ड पार्षद मनोज गुप्ता द्वारा नमनाकला स्थित सियान सदन में भव्य संक्रांति उत्सव, सियान सम्मान और वार्ड के जरूरतमंदों को कम्बल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल शामिल हुए। उन्होंने पार्षद मनोज गुप्ता की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं। उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, पूर्व जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी भी उपस्थित रहे। सभी ने पार्षद गुप्ता के प्रयासों की सराहना की। महापौर मंजूषा भगत ने कहा कि वार्ड वासियों ने जुझारू पार्षद पाया है। वे हमेशा विकास के लिए प्रयास करते रहते हैं। उनके पहल से ही वार्ड में 1 करोड़ का काम चल रहा है, अन्य कार्यों के लिए भी 70 लाख रुपए की मंजूरी मिली है। पार्षद गुप्ता ने सियान सम्मान देकर समाज के योगदानकर्ताओं को प्रोत्साहित किया और सर्दी से ठिठुरते जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किए। इस दौरान वरिष्ठ सीए एचएस जायसवाल, वरिष्ठ नेता रामलखन पैकरा, पूर्व पार्षद रविंद्र गुप्त भारती, जितेन्द्र सोनी, शशिकांत जायसवाल, श्वेता गुप्ता, शैलू सिंह, आईबी तिवारी, निवास केडिया, हरिशंकर सिंह, जगदीश चौबे और जमुना लाल श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और वार्डवासी मौजूद थे।

## एलुमनी मीट में पूर्व छात्रों ने साझा किए अनुभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में शनिवार को आयोजित एलूमिनी मीट पूर्व छात्रों ने एक मंच पर अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के समक्ष अपने अनुभव साझा किए।

- विद्यार्थियों को किया पढ़ाई एवं अनुशासन के प्रति प्रेरित

शनिवार को पीएम श्री स्कूल में पूर्व छात्रों का मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में स्कूल में पढ़कर शासकीय सेवाओं से सेवानिवृत्त हुए छात्रों से लेकर गत वर्ष 12वीं बोर्ड उत्तीर्ण करने वाले छात्रों ने समारोह में अपने अनुभव साझा किया। छात्र राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त




शिक्षक नागेंद्र उपाध्याय ने बताया कि रामानुजनगर का यह पहला स्कूल है जिसकी स्थापना वर्ष 1957 में हुई थी तब प्रेमनगर में भी स्कूल नहीं थे। यहां से प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करने के बाद मल्टीपरपज स्कूल और ग्रेजुएशन की डिग्री भी अंबिकापुर से लेकर शिक्षक की नौकरी हासिल की साथ ही शिक्षक के रूप में इस स्कूल में लंबे समय तक अपनी सेवाएं दी हैं। पूर्व छात्र सत्यनारायण दुबे, पूर्व बीईओ राजाराम सिंह, पूर्व पीटीआई मनमोहन प्रसाद, पूर्व एचएम सुधाकर शुक्ल, इस्माइल खान ने भी अपने अनुभव साझा कर अभावों के बीच पढ़ाई कर अपना भविष्य गढ़ने का अनुभव साझा किया। पूर्व जनपद उपाध्यक्ष रामनिवास साहू ने बताया कि तब के शिक्षा में गुरू शिष्य की मर्यादाएं बहुत मायने रखती थी। अब स्टूडेंट टीचर का जमाना है, बच्चों के लिए शासन एवं अभिभावकों की ओर से पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है लेकिन शिक्षा के मायने बदल गए हैं स्कूल में अनुशासनात्मक कार्रवाई पूर्णतः बंद हो जाने से छात्रों में अनुशासनहीनता बढ़ी है। उन्होंने छात्रों से अनुशासित रहकर शिक्षा ग्रहण करने का अह्वान किया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में मुकाम हासिल करने वाले आकाश तिवारी, राजेश दुबे, बृजेश दुबे, बृजेश राजवाड़े, विकास दुब, अनूप दुबे, नरेश गुप्ता, सकील अहमद, ऋषि दुबे, नवल किशोर, दशरथ गुप्ता राम सिंह टेकाम, जय प्रकाश उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में पूर्व छात्र उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ इकाई की तृतीय बैठक आज

**अम्बिकापुर।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ इकाई की तृतीय बैठक रविवार को आयोजित की जाएगी। बैठक को को लेकर संगठन स्तर पर व्यापक तैयारियां की गई हैं। सम्मेलन के प्रदेश मुख्य संरक्षक चरण सिंह अग्रवाल ने बताया कि अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की शाखाएं न केवल देशभर में, बल्कि विदेशों में भी सक्रिय हैं। इसका प्रधान कार्यालय दिल्ली में स्थित है तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग हैं, जो हरियाणा सरकार में मंत्री रह चुके हैं।

उन्होंने बताया कि तृतीय बैठक से पूर्व रायपुर और बिलासपुर में भी बैठक आयोजित की जा चुकी हैं। अंबिकापुर में होने वाली इस बैठक में रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, धमतरी सहित सरगुजा संभाग से



लगभग 200 पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों के शामिल होने की संभावना है। बैठक के मुख्य अतिथि मंत्री राजेश अग्रवाल होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में अजय अग्रवाल उपस्थित रहेंगे। बैठक के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए प्रदेश उप महामंत्री अरविंद सिंघानिया, प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल, जिला अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, प्रदेश संगठन मंत्री मुकेश अग्रवाल, प्रदेश सदस्य अरविंद अग्रवाल एवं विकास अग्रवाल ने बताया कि समाज में आज भी मृत्यु उपरांत भोज तथा वर्तमान समय में प्री-वेडिंग जैसी कुरीतियां प्रचलित हैं। बैठक में इन विषयों पर गंभीर चर्चा कर समाज से इन्हें समाप्त करने की दिशा में ठोस पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि महिला एवं युवा वर्ग को जागरूक किए बिना समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव नहीं है। इसी उद्देश्य से सामाजिक एकता को मजबूत करने, समाज के लोगों के विकास और सेवा कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। अग्रवाल समाज में विवाह के दौरान शादी के खर्च, रीति-रिवाजों, बेटियों के घर में संस्कारों को बढ़ावा देने जैसे मुद्दों पर भी बैठक में चर्चा होगी।

## ग्राम गणेशपुर में जिला स्तरीय पशु मेला एवं पशु प्रदर्शनी स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

पशुधन विकास विभाग सूरजपुर द्वारा ग्राम गणेशपुर में पशु मेला, पशु प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता तथा पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, मेला में विभिन्न प्रकार के पशुओं जैसे गौवंशीय में हॉलीस्टीयन फ्रीजियन, जर्सी, साहीवाल, गिर आदि नस्ल, भैंसवंशीय में मुर्रा नस्ल का भैंसा तथा बकरा बकरी वर्ग में सिरोही एवं जमुनापारी नस्ल तथा भेड़ एवं खरगोश व मुर्गी मुर्गा पशु प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता में हिस्सा लिए।

- मेला में पशु स्वास्थ्य परीक्षण कर पशुओं के लिए औषधि वितरण की गई

पशु प्रतियोगिता में पशुपालक राजेंद्र गुप्ता कमलपुर द्वारा लाए गए गिर नस्ल का सांड लोगों में आकर्षण का केंद्र रहा, जो सांड प्रतियोगिता में प्रथम स्थान में रहा, पशु मेला में सिरोही नस्ल का बकरा भूपेंद्र गोपालपुर द्वारा लाया गया जो आकर्षण का केंद्र रहा, जिसका वजन लगभग 45 से 50 किलोग्राम का था जो कि बकरी वंशिय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, मेला में द्वारिकनगर के पशुपालक अवधलाल द्वारा भेंड़ लाया गया एवं कड़कनाथ नस्ल का



मुर्गा मुर्गी भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा, यहां पर पशुपालकों को कृत्रिम गर्भाधान द्वारा उन्नत नस्ल संवर्धन एवं सेक्स शॉर्टेड सीमेन के लाभ के बारे में बताया गया, जिसमें 90 प्रतिशत बछिया होने की संभावना होती है तथा विभागीय योजनाओं के बारे में बताया गया, चारा प्रसंस्करण से संबंधित पैरा यूरिया उपचार का प्रदर्शनी कर बताया गया, जिसमें यूरिया उपचार करने से पैरा की पौष्टिकता बढ़ती है व पैरा नरम स्वादिष्ट सुपाच्य और प्रोटीन से भरपूर बन जाता है, साथ ही अजोला के बारे में भी बताया गया कि अजोला आसानी से पशुओं द्वारा पचाया जा सकता है एवं अत्यंत पौष्टिक व असरकारक पशुआहार के रूप में प्रयोग किया जा सकता है, ग्रीष्म ऋतु में हरे चारा की उपलब्धता के लिए साईलेज के बारे में बताया गया की साईलेज में 80 से 90 प्रतिशत तक हरे चारे के बराबर पोषक तत्व संरक्षित रहते हैं, जो कि हरे चारे के अभाव में साईलेज खिलाकर पशुओं का दुग्ध उत्पादन आसानी से बढ़ाया जा सकता है, पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण हेतु समय-समय पर लगने वाले टीकाकरण तथा किसान क्रेडिट कार्ड योजना के संबंध में जानकारी विषय विशेषज्ञों एवं विभागीय पशु चिकित्सा अधिकारियों द्वारा विस्तार पूर्वक बताया गया।

मेला में पशुपालकों को तकनीकी रूप से पशुपालन द्वारा स्वावलंबी बनने, शीत ऋतु में पशुओं के उचित प्रबंधन के बारे में बताया गया, करवां निवासी ललन राजवाड़े कामधेनु कल्पतरु गौशाला करवां के संचालक द्वारा पंचगव्य के लाभ व बनाने की विधियों के बारे में किसान एवं पशुपालकों को विस्तार पूर्वक बताया गया, मेला में पशु स्वास्थ्य परीक्षण एवं पशुओं हेतु औषधि वितरण का भी कार्य किया गया, वेटेनरी पॉलिटेक्निक कॉलेज सूरजपुर के विद्यार्थियों द्वारा मेला में विभिन्न प्रकार के पशुधन के नस्लों का अवलोकन किया व विभिन्न विभागीय जानकारियों से अवगत हुए, आयोजित विभिन्न वर्गों के पशु प्रदर्शनी में विभाग के विशेषज्ञों द्वारा निर्णायकी की गई तथा पशुपालकों को विभिन्न वर्गों में श्रेणीवार प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया, मेले की मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े द्वारा मेला में विभिन्न स्टालों का निरीक्षण कर मेला में आए विभिन्न प्रवर्गों के पशुधन का अवलोकन किया गया, साथ ही मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े द्वारा मेला में आए पशुपालकों को पशुधन के महत्व के बारे में बताया गया, मेले में जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रमणि देवपाल सिंह पैकरा, जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव, जनपद अध्यक्ष स्वाति संत सिंह, उपाध्यक्ष मनमत बछाड़, यशवंत सिंह सभापति कृषि स्थाई समिति सूरजपुर, स्वाति राजवाड़े जनपद सदस्य, रामसुंदर सिंह सरपंच ग्राम गणेशपुर एवं प्राचार्य वेटेरिनरी पॉलीटेक्निक कॉलेज सूरजपुर डॉ ओपी पैकरा एवं पशुधन विकास विभाग जिला सूरजपुर के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए।



## खबर संक्षेप



### अखिल राजवाड़े का अंडर 14 राष्ट्रीय क्रिकेट कोचिंग कैम्प के लिए चयन

**बिश्रामपुर।** पीएमश्री सेजेस जयनगर में अध्ययनरत कक्षा 7 वीं के छात्र अखिल राजवाड़े का राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर अंडर 14 राष्ट्रीय स्तर कोचिंग कैंप के लिए चयन हुआ है जो कि 14 जून से 16 जून तक आयोजित किया जाएगा,इसके पश्चात 69 वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता अंडर-14 का आयोजन 19 जून से 24 जून तक सिकर राजस्थान में किया जाएगा,जिसमें अखिल राजवाड़े भी हिस्सा लेंगे, छात्र अखिल की इस उपलब्धि पर पीएम श्री सेजेस जयनगर के प्राचार्या श्रीमती पुष्पा ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है,अखिल राजवाड़े के पिता अनुज राजवाड़े एवं माता श्रीमती नीलम राजवाड़े दोनों पेशे से शिक्षक हैं,उनके चयन से विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष और गौरव का माहौल है।

### दीवार गिरने से दबे दादा- पोती दादा की उपचार के दौरान मौत

अम्बिकापुर। मिट्टी का जर्जर दीवार गिरने से दादा-पोती मलबे में दब गए। दुर्घटना में गंभीर हुए दादा की मौत हो गई जबकि पोती का उपचार जारी है। प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम मानपुर निवासी झरी आयाम आ. स्व. शीतल आयाम (65 वर्ष) शुक्रवार को 4.30 बजे अपने नया घर से पुराना घ्‍ज़र पोती के धनेश्वरी के साथ आ रहा था। झरी आयाम को पोती पकड़ कर ला रही थी और जैसे ही नया घर के पास पहुंची तभी कच्चा मिट्टी का दिवार जो एक ओर झुका था अचानक गिर गया जिससे दादा-पोती मलबे में दब गए। घटना को देख परिजन ने दोनों को बाहर निकाला। दोनों के कमरे से नीचे गंभीर चोट आने पर परिजन तत्काल शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान झरी आयाम की मौत हो गई जबकि पोती का उपचार जारी है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

## डीएम नेफ्रोलॉजी डॉ. ऋषभ ने लिया सैम्पल

# मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दूसरी बार की गई सफल रीनल बायोप्सी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रीनल बायोप्सी का मरीजों को लाभ मिलने लगा है। चिकित्सकों ने दूसरी बार रीनल बायोप्सी करने में सफलता हासिल की है। अस्पताल में पदस्थ डीएम नेफ्रोलॉजी डॉ. ऋषभ गुप्ता ने प्रोटीन यूरिया एवं पैरों में सूजन की शिकायत से पीड़ित एक मरीज का ऑपरेशन कर रीनल बायोप्सी सफलतापूर्वक की। रीनल बायोप्सी के लिए सैंपल लिए गया और अब सैंपल को जांच के लिए बाहर भेजा जाएगा। जिसके बाद मरीज की उपचार सैंपल रिपोर्ट के आधार से हो सकेगा।

**खास बात**
- प्रोटीन्यूरिया एवं पैरों में सूजन से पीड़ित है मरीज

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चिकित्सा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की गई, जहां डीएम नेफ्रोलॉजी डॉ. ऋषभ गुप्ता ने प्रोटीन्यूरिया एवं पैरों में सूजन की शिकायत से ग्रसित एक मरीज की रीनल बायोप्सी सफलतापूर्वक की। डॉ. गुप्ता ने बताया कि यह जटिल एवं विशेष जांच प्रक्रिया है। यह डॉ. संजय सिंह के सहयोग से तथा विभागाध्यक्ष डॉ. पंकज तांबुलकर के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। रीनल बायोप्सी के माध्यम से किडनी से संबंधित रोग की सटीक पहचान संभव हो पाती है, जिससे मरीज को उचित एवं समय पर उपचार प्रदान किया जा सकता है। रीनल बायोप्सी एक संवेदनशील और तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया है, जिसके लिए उच्च स्तर की दक्षता एवं सावधानी की आवश्यकता होती है। इस प्रक्रिया की सफलता मेडिकल कॉलेज अस्पताल की उपलब्ध उन्नत चिकित्सा सुविधाओं और चिकित्सकीय विशेषज्ञता को दर्शाती है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार इस प्रकार की उन्नत जांच सेवाएं क्षेत्र के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। प्रक्रिया के पश्चात मरीज की स्थिति स्थिर बताई जा रही है और चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है।



### दो माह में दो रीनल बायोप्सी

गत दिन प्रोटीन यूरिया एवं पैरों में सूजन की शिकायत से पीड़ित एक मरीज का ऑपरेशन कर रीनल बायोप्सी सफलतापूर्वक की। रीनल बायोप्सी के लिए सैंपल लेकर बाहर भेजा गया है। इससे पूर्व दिसंबर माह में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चिकित्सकों ने पहली बार रीनल बायोप्सी करने में सफलता हासिल की थी। अस्पताल में पदस्थ डीएम नेफ्रोलॉजी डॉ. ऋषभ गुप्ता ने एक युवती का सफल ऑपरेशन कर रीनल बायोप्सी के लिए सैम्पल लिया था जिसे जांच के लिए बाहर भेजा गया है। अब दोनों मरीज चिकित्सकों की निगरानी में है और रिपोर्ट आने के पश्चात रिपोर्ट के आधार पर जल्द ही आगे का उपचार किया जाएगा।



# एचएमएस की क्रमिक भूख हड़ताल दूसरे दिन भी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की बलरामपुर और कुमदा खदानों को शुरू कराने की मांग को लेकर जारी एचएमएस संगठन का क्रमिक भूख हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रहा।

- बंद पड़ी बलरामपुर-कुम्दा खदानों को पुन: संचालित करने की है मांग

शनिवार दूसरे दिवस यहां क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय के सामने चल रहे क्रमिक भूख हड़ताल पर शिवाकांत मिश्रा,उमेश सिंह, कैलाश प्रसाद, राजू दुबे,राजमणि पटेल बैठे रहे,यहां पर आज शनिवार को क्रमिक भूख हड़ताल को समर्थन देने हेतु एटक के क्षेत्रीय अध्यक्ष हीरालाल व सचिव पंकज गर्ग भी पहुंचे,क्रमिक भूख हड़ताल के दौरान एचएमएस के क्षेत्रीय अध्यक्ष रामाशीष पाल,महामंत्री देवेंद्र मिश्रा,नरेंद्र सिंह चौहान,परमजीत सिंह पम्मे,प्रेमचंद्र सिंह,अरविंद सिंह,सूर्यबली, सुदर्शन, विवेक यादव,विजय कुमार, रमेंद्र सिंह व अन्य सक्रिय हैं।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736










